समाचार

# खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से निखरती है खेल प्रतिभाएं—महापौर



कोरबा 27 नवम्बर 2020 — महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से खेल प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा को सामने लाने के अवसर प्राप्त होते हैं तथा उनके खेल में गुणात्मक सुधार होता है, अतः समय—समय पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन आवश्यक है। खेल कोई भी हो, खेल भावना के साथ खेला जाना चाहिए। हार एवं जीत खेल का एक अंग है, जिसे प्रत्येक खिलाड़ी को सहर्ष स्वीकार करना चाहिए।

उक्त बातें महापौर श्री प्रसाद ने सद्भावना कप फुटबाल टूर्नामेंट के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक 64 घुड़देवा में आयोजित छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय सद्भावना कप फुटबॉल टूर्नामेंट में आज कसडोल और चिरमिरी के बीच खेले जाने वाले मैच का शुभारंभ नगर निगम कोरबा के महापौर माननीय राजकिशोर प्रसाद के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महापौर द्वारा सबसे पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया, और उसके पश्चात दोनों टीमों के कैप्टन के समक्ष टॉस करवा कर, मैच प्रारंभ करवाया गया, अपने उद्बोधन में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद जी ने आगे कहा कि इस वार्ड के पार्षद पवन गुप्ता बधाई के पात्र हैं जिन्होंने इतने बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया है और प्रदेश भर के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर प्रदान करवाया है। प्रदेश के मुखिया माननीय श्री भूपेश बघेल जी के प्रति आभार ब्यक्त करते हुए महापौर ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा छत्तीसगढ़ में खेल गतिविधियों पर रुचि दिखाते हुए स्पोर्ट्स अकैडमी बनाने की जो सोच है वह प्रदेश भर के खिलाड़ियों के लिए गौरव की बात है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री माननीय श्री जयसिंह अग्रवाल जी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए, महापौर ने कहा कि माननीय जयसिंह अग्रवाल जी अपने क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए समय—समय पर खेल गतिविधियों का आयोजन करवाते रहते हैं और क्षेत्र के खिलाड़ियों को भी आगे आने का अवसर प्रदान करते हैं।

इस कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 64 के पार्षद पवन गुप्ता, वार्ड क्रमांक 60 के पार्षद एवं जिला चयन समिति के सदस्य श्री अजय प्रसाद ,वार्ड क्रमांक 61 के पार्षद श्री शाहिद कुजूर, वार्ड क्रमांक 62 की पार्षद श्रीमती कौशल्या विनय बिजवार, एल्डरमैन श्री ठाकुर प्रसाद अकेला, एल्डरमैन श्री परमानंद सिंह ,राजीव कांग्रेस संगठन

के जिलाध्यक्ष श्री राहुल यादव सहित भारी संख्या में घुड़देवा एवं आसपास के क्षेत्रों के गणमान्य नागरिक एवं खेल प्रेमी सम्मिलित थे।